**कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल पीन्या मे दिनांक 30-09-2024 को राज्य भाषा पखवारा 2024 का समापन समारोह मनाया गया । इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओ को भी पुरस्कृत किया गया।**

**यह समाचार ‘ दक्षिण भारत रास्ट्रमत ‘ समाचार पत्र मे दिनांक 01-10-2024 को प्रकाशित किया गया ।**

---

DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY
दक्षिण भारत राष्ट्रमत



# बीमा निगम अस्पताल में हिन्दी पखवाड़े का हुआ समापन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, पीन्या में हिन्दी पखवाड़े के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी कैलाशचंद शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि संविधान में हिंदी का प्रचार-प्रसार बढ़ाने के लिए प्रेरणात्मक व प्रोत्साहन की नीति अपनाई है अतः हमें रुचि लेकर राजभाषा के नियमों का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित सांबरम महाविद्यालय के भाषा विभाग अध्यक्ष जनार्दन चतुर्वेदी तथा उपस्थित सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने राजभाषा शाखा द्वारा प्रदर्शित पुस्तकों एवं पत्रिकाओं के संचय को सराहा। जनार्दन चतुर्वेदी ने पुरस्कार विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरित करते हुए कहा कि आपके अस्पताल में राजभाषा का कार्य काफी सराहनीय है तथा आयोजित प्रतियोगिताओं में बढ-चढ़ कर प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

चिकित्सा अधीक्षक के. वीणा कुमारी ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी तथा अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि हिंदी में बात करना व काम करना हमारे लिए बहुत आवश्यक है व जिम्मेदारी भी है, क्योंकि हम सरकारी कर्मचारी हैं। यदि हम किसी दूसरे उत्तरी राज्य में स्थांतरण पर जाते हैं तो हमें हिंदी न आने के कारण बहुत परेशानी होगी, अतः हमें हिंदी जरूर सीखना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन प्रवर श्रेणी लिपिक धर्मेंद्र कुमार ने किया। राजभाषा प्रभारी सुभाषचंद्र लाल ने सभी को हिंदी पखवाड़े के समापन समारोह में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया।